[This question paper contains 6 printed pages.]

**1246**

*Your Roll No.* ............

*आपका अनुक्रमांक* ________

**LL.B.**

**JS**

**III Term**

Paper LB-3033

TAXATION – I

*Time : 3 Hours* — *Maximum Marks : 100*

*समय : 3 घण्टे* — *पूर्णांक : 100*

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)*

*Note :– Answers may be written either in English or in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.*

*टिप्पणी :– इस प्रश्नपत्र का उत्तर अंग्रेज़ी या हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।*

*Attempt* **five** *questions including Question No.* **1** *which is compulsory.*
**All** *questions carry equal marks.*

*अनिवार्य प्रश्न क्रमांक* **1** *सहित पाँच प्रश्न कीजिये।*
**सभी** *प्रश्नों के अंक समान हैं।*

P.T.O.

1. Attempt briefly any **four** of the following :

(i) Is salami (Premium) a revenue receipt ?

(ii) Define assessee.

(iii) Write residential status of an association of persons.

(iv) When a transfer is deemed to be revocable under section 63 ?

(v) What are profits in lieu of salary ?

निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** के उत्तर संक्षेप में लिखिए :

(i) क्या सलामी (प्रीमियम) राजस्व प्राप्ति है ?

(ii) निर्धारिती को परिभाषित कीजिए ।

(iii) व्यक्तियों की एसोसिएशन की आवासिक प्रास्थिति का उल्लेख कीजिए ।

(iv) धारा 63 के तहत अन्तरण को कब प्रतिसंहरणीय माना जाता है ?

(v) वेतन की एवज में लाभ क्या होते हैं ?

2. Discuss the meaning of "agriculture" and 'agricultural income'. Also discuss the law laid down in *Sakarlal Naranlal* v. *CIT*, AIR 1965 Guj. 165.

"कृषि" और "कृषिक आय" के अर्थ का विवेचन कीजिए । *साकरलाल नारनलाल* बनाम *सी आई टी*, ए आई आर 1965 गुज० 165 में अधिकथित विधि का भी विवेचन कीजिए ।

3. (i) Bashir Ahmad $ Co. was registered in Bangladesh. It does all its business in

Bangladesh. However, all decisions of the Company are taken at Kolkata. The meetings of Board of Directors as well as of shareholders are also held at Kolkata. Discuss the residential status of the Company under the Income Tax Act, 1961.

(ii) Briefly state the rules for computing 'income from house property'.

(i) बशीर अहमद $ कम्पनी बांग्लादेश में रजिस्ट्रीकृत हुई थी। यह अपना सारा कारबार बांग्लादेश में करती है। किन्तु कम्पनी के समस्त विनिश्चय कलकत्ता में किए जाते हैं। निदेशक मंडल की तथा शेयरधारियों की बठैकें भी कलकत्ता में आयोजित होती हैं। आयकर अधिनियम, 1961 के तहत कम्पनी की आवासिक प्रास्थिति का विवेचन कीजिए।

(ii) गृह सम्पत्ति से आय के गणन के नियमों का संक्षिप्त उल्लेख कीजिए।

4. What are the various tests to make distinction between revenue expenditure and capital expenditure ? Explain with the help of case law.

Discuss whether the following expenditures are capital or revenue in nature :

(i) Expenditure incurred for securing sole selling rights of a company

(ii) Expenditure incurred by a company in issuance of bonus shares to its shareholders.

राजस्व व्यय और पूंजीगत व्यय के बीच भेद करने के क्या-क्या विभिन्न परीक्षण होते हैं ? निर्णय विधि की सहायता से स्पष्ट कीजिए। विवेचन कीजिए कि निम्नलिखित व्ययों का स्वरूप पूंजीगत है या राजस्वगत :

(i) किसी कम्पनी के एकमात्र विक्रय अधिकार प्राप्त करने के लिए हुआ व्यय।

(ii) कम्पनी द्वारा अपने शेयरधारियों को बोनस शेयर जारी करने पर किया गया व्यय।

5. (i) Explain mutual exclusivity of heads of income in the light of *East India Housing & Land Development Trust Ltd.* v. *CIT* (1961) 42 ITR 49 (SC).

(ii) How annual value of a house property is determined ?

(i) *ईस्ट इंडिया हाउसिंग एंड लैंड डवलपमेंट ट्रस्ट लिमिटिड* बनाम *सी आई टी* (1961) 42 आई टी आर 49 (एस सी) के आलोक में आय के शीर्षों की परस्पर अनन्यता को स्पष्ट कीजिए।

(ii) किसी गृह सम्पत्ति का वार्षिक मूल्य किस प्रकार अवधारित किया जाता है ?

6. (i) Discuss the judgment of Supreme Court in *N. Bagavathy Ammal* v. *CIT*, JT 2003 (1) SC 363.

(ii) Discuss the distinction between section 37(1) and section 57(iii) in the light of *CIT* v. *Rajendra Prasad Moody* (1978) 115 ITR 519(SC).

(i) *एन. बगावती अम्मल* बनाम *सी आई टी,* जे टी 2003 (1) एस सी 363 में उच्चतम न्यायालय के निर्णय का विवेचन कीजिए।

(ii) *सी आई टी* बनाम *राजेन्द्र प्रसाद मूडी* (1978) 115 आई टी आर 519 (एस सी) के आलोक मे धारा 37(i) और धारा 57(iii) के बीच भेद का विवेचन कीजिए।

7. Discuss whether the provisions of section 64 of the Income Tax are attracted in the following cases ?

(i) The wife of an individual, who is B.A. in History, but extremely beautiful, is appointed as Manager Customer Care with a package of Rs. 15 lakhs p.a. in a concern in which such individual is the beneficial owner of shares carrying 15% of the voting powers.

(ii) The income arises to wife from assets transferred by her husband in connection with an agreement to live apart. It was agreed that they will meet as friends and visit the places of one another with their kids.

(iii) The income arises to a person from assets transferred by an individual otherwise than for adequate consideration for the deferred benefit of minor children of that individual.

(iv) The income earned by minor daughter of an individual by participating in a reality show on a TV Channel.

विवेचन कीजिए कि क्या आयकर अधिनियम की धारा 64 के उपबन्ध निम्नलिखित केसों पर लागू होते हैं ?

(i) किसी व्यक्ति की पत्नी, जो इतिहास में बी. ए. है किन्तु अतिशय सुन्दर है। उसको उस समुत्थान में 15 लाख रूपए प्रतिवर्ष के पैकेज पर मैनेजर, कस्टमर केयर के रूप में नियुक्त किया गया है जिसमें उक्त व्यक्ति 15% वोटिंग पावर रखने वाले शेयरों का लाभप्रद मालिक है।

(ii) अलग रहने के एक करार के बारे में एक पति द्वारा पत्नी को अंतरित की गई आस्तियों से पत्नी को आय होती है। यह करार हुआ था कि वे मित्र की तरह मिला करेंगे और अपने बच्चों के साथ एक दूसरे के स्थान पर जाया करेंगे।

(iii) एक व्यक्ति अपने अवयस्क बच्चे के आस्थगित फायदे हेतु अपनी आस्तियों को यथेष्ट प्रतिफल बिना अन्य व्यक्ति को अंतरित करता है जिससे उस अन्य व्यक्ति को आय होती है।

(iv) एक टी वी चैनल पर रियलिटी शो में भागीदारी द्वारा किसी व्यक्ति की अवयस्क पुत्री द्वारा उपार्जित आय।

8. Write short notes of any **two** of the following :

(i) Meaning of Income

(ii) Perquisites

(iii) Distinction between application of income and diversion of income.

निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :

(i) आय का अभिप्राय

(ii) परिलब्धियां

(iii) आय का अनुप्रयोग और आय का अपयोजन – इनके बीच भेद स्पष्ट कीजिए।